# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 09.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कमासिन मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुम हुए 05 वर्षीय बच्चे के परिजनों को पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 09.07.2025 को थाना कमासिन मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुम हुए 05 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 09.07.2025 को कस्बा कमासिन में भ्रमणशील मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम को कस्बा कमासिन में एक 05 वर्षीय बच्चे के भटकते हुए पाये जाने की सूचना प्राप्त हुई, बच्चा अपना नाम व पता नहीं बता पा रहा था, जिस पर मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित रुप से कार्यवाही करते हुए आस-पास के लोगों से पूछताछ की गई तो ज्ञात हुए कि बच्चे का नाम रविकरण पुत्र राम स्वरुप विश्वकर्मा निवासी साड़ासानी है. वह कस्बा कमासिन स्थित चौधरी चरण सिंह पब्लिक स्कूल में पढ़ने आया था तथा स्कूल से बिना बताए घर जाने के लिए निकल गया और रास्ता भटक गया था। पुलिस द्वारा बच्चे के परिजनों को बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

**टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 वीरेंद्र कुमार पाण्डेय
2. हे0कां0 सुखदेव कुमार
3. कां0 दिलीप कुमार
4. म0कां0 रश्मि तिवारी